चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक :– आर० ओ० /624 /2025–26 दिनांक :– 23-04-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– मेरठ।

विषयः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना –2027 संबंधित कार्य से मुक्त रखने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के परिक्षेत्र जनपद मेरठ में स्थित सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों द्वारा अवगत कराया गया है कि सम्बन्धित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को "जनगणना– 2027 के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना" हेतु सम्बद्ध कर दिया गया है। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं में मानकानुसार कक्ष निरीक्षक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिस कारण विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही परीक्षाओं की शुचिता प्रभावित हो सकती है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का दीक्षांत समारोह माह जुलाई 2026 में कराया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 18 मार्च 2026 से वार्षिक एवं व्यक्तिगत परीक्षाएं, दिनांक 11 अप्रैल 2026 से सम सेमेस्टर की समस्त परीक्षाएं प्रारम्भ की जा चुकी हैं तथा अप्रैल 2026 के तृतीय सप्ताह से विश्वविद्यालय की समस्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं प्रारम्भ होने जा रही हैं। उक्त सभी परीक्षाएं जून 2026 के तृतीय सप्ताह में समाप्त होने की संभावना है।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम किसी भी दशा में जून 2026 तक घोषित किया जाना अनिवार्य है, जिससे मा0 राज्यपाल सचिवालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों के आलोक में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का दीक्षांत समारोह माह जुलाई 2026 में संपन्न कराया जा सके।

उक्त के दृष्टिगत जनपद–मेरठ में स्थित राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को "जनगणना– 2027 के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना" कार्य से मुक्त करने का कष्ट करें, जिससे विश्वविद्यालय की परीक्षाएं समयान्तर्गत पूर्ण कराकर परीक्षा परिणाम ससमय घोषित किया जा सके।

भवदीय,
23.4.26
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01 विशेष कार्याधिकारी, मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सादर संज्ञानार्थ।
02 प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सादर संज्ञानार्थ।
03 मण्डलायुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को सूचनार्थ।
04 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ।
05 प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय,जनपद–मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

23.4.26
कुलसचिव

देवनागरी महाविद्यालय, मेरठ
DEVA NAGRI COLLEGE, MEERUT
NAAC ACCREDITED

Ref. No. .... R6215 22/4/26 Date: 22-4-26

Issue letter 22.4.26

सेवा में

कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय : महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की जनगणना ड्यूटी के कार्य से मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

कृपया उपर्युक्त विषयक जनगणना 2026 में ड्यूटी के सन्दर्भ में सूच्य है कि जनगणना में महाविद्यालय के निम्नलिखित शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जैसा कि आपको ज्ञात है कि महाविद्यालय में चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित महाविद्यालय के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालयों की व्यक्तिगत, संस्थागत, एन.ईपी., व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षायें संचालित हो रही हैं जिसमें बडी संख्या में छात्र–छात्रायें सम्मिलित हो रहे हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की आन्तरिक, प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें भी संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही शासन द्वारा भर्ती परीक्षाओं को आयोजित कराने हेतु महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जो कि 25 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक का कार्यक्रम जारी है। उपरोक्त के सन्दर्भ में निवेदन है कि महाविद्यालय में नयी नियुक्तियां ना होने के कारण शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की संख्या आधी रह गयी है। महाविद्यालय के शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना के कार्य में लगाये जाने के फलस्वरूप महाविद्यालय में संचालित हो रही परीक्षायें एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों का सुचारू रूप से संचालन कर पाना सम्भव नहीं है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि आप महाविद्यालय के शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त कराने की कृपा करें जिससे कि महाविद्यालय का कार्य सुचारू रूप से संचालि हो सके।

सधन्यवाद।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय

प्रोफेसर बी एस यादव
प्राचार्य

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय जिलाधिकारी महोदय, मेरठ

2. जिला जनगणना अधिकारी / अपर जिलाधिकारी वित्त, मेरठ